उत्तर प्रदेश राज्य लखनऊ

लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रो.बीआर सिंह को मिला विश्वस्तरीय सम्मान

DN VERMA January 25, 2025 6 1 minute read

लखनऊ : स्कूल ऑफ मैनेजमेन्ट साइन्सेज, लखनऊ के महानिदेशक, प्रो. (डा.) भरत राज सिंह का नाम एल्सेवियर द्वारा वरिष्ठ वैज्ञानिक समीक्षक के रूप में वर्ष 2010 में प्रस्तावित हुआ था। शिक्षा जगत में एल्सेवियर विश्व का एक अग्रणी विज्ञान व तकनीकी जर्नल है, साथ ही दुनिया के कोने कोने से आये हुये शोध-पत्रों की समीक्षा भी इनके द्वारा निरन्तर विश्व विख्यात वैज्ञानिकों द्वारा पूर्ण करवाया जाता है। उल्लेखनीय है कि (डा.) भरत राज विगत 15 वर्षो के दौरान वैश्विक तापमान के कारण जलवायु परिवर्तन की विभीषिका और उथल-पुथल के लिए दुनिया को आगाह करते रहे है।

एल्सेवियर के प्रबन्ध-निदेशक लाउरा हासिंक ने ऊर्जा-क्षेत्र के शोध-पत्रों के आकलन में महत्वपूर्ण योगदान के लिए डॉ.सिंह को अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करते हुये धन्यवाद दिया है। इस अवसर पर डॉ. भरत राज सिंह ने कहा, मैं एल्सेवियर द्वारा दिए गए इस सम्मान के लिए आभारी हूं। यह मेरे लिए एक बड़ा सम्मान है और मैं इसे अपने जीवन के एक महत्वपूर्ण पल के रूप में देखता हूं। इसके पूर्व भी डा. भरत राज सिंह पूर्व में ही वैश्विक तापमान बढ़ोत्तरी के आविष्कार व जलवायु परिवर्तन से सम्बन्धित गहन शोध के क्षेत्र में विश्वस्तरीय स्थान पा चुके हैं तथा एअर-वो-बाइक के अविष्कार व अमेरीकी स्कूल में 9 **व** 12 **कक्षाओं के पाठ्यक्रम में जोडे जाने का अपना एक विशिष्ठ स्थान बना चुके हैं| डा. सिंह लिम्का बुक ऑफ रिकार्ड** 2014, 2015 **व** 2017 **में भी सम्मान पा चुके हैं।**

---

https://dastaktimes.org/lucknows-senior-scientist-prof-br-singh-received-world-class-honor/